सार-समाचार

पौधारोपण का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। लघु उद्योग भारती एवं रीको लिमिटेड के तत्वावधान में शुक्रवार को मादड़ी स्थित अरावली मिनरल एण्ड केमिकल इंडस्ट्रीज परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिला कलक्टर पोसवाल ने पौधा लगाकर औद्योगिक क्षेत्र में पौधरोपण का शुभारंभ किया। पूरे परिसर में 31 पौधे लगाए। वहीं जिला कलक्टर पोसवाल ने क्षेत्र के अन्य औद्योगिक परिसरों में पौधरोपण के लिए गड्ढा खोदने की मशीन और पौधों से भरे ऑटो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व जिला कलक्टर ने कहा कि प्रकृति की रक्षा सामूहिक उत्तरदायित्व है। राज्य सरकार की ओर से राजस्थान की धरा को हरा भरा करने के लिए विशेष पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें हर आम और खास का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने आयोजकों से पौधों के समुचित संरक्षण की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। प्रारंभ में लघु उद्योग भारती उदयपुर के अध्यक्ष मनोज जोशी, अजय पाण्डे सहित अन्य ने जिला कलक्टर का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, पीएचईडी एईएन यामिनी उपाध्याय, विद्युत निगम एईएन हरिप्रसाद शर्मा, लघु उद्योग भारती मादड़ी इकाई के सचिव अरुण कुमार, पौधारोपण कार्यक्रम के संयोजक धनेश जैन एवं मुकेश, कोषाध्यक्ष प्रकाश फुलानी, विजेंद्र बाफना, अरविंद अग्रवाल सहित लघु उद्योग भारती उदयपुर की सातों इकाइयों के अध्यक्ष और सचिव आदि उपस्थित रहे। आभार हेमन्त जैन ने व्यक्त किया।

दो ट्रक हड़पने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। ऋणशुदा ट्रक किराए पर लेकर खुर्दबुर्द कर पीडित के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित कैलाशचन्द्र पुत्र शंकरलाल निवासी गोठडा सालवी सीकर हाल ढीकली रावत की घाटी प्रतापनगर ने आरोपी कालुराम मीणा निवासी भटेवर तथा भरतसिंह सोलंकी निवासी फतहपुरा उदयपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि गत दिनों आरोपी मेरे पास आए तथा मेरे दो ट्रक खरीदने की बात कही। सहमति बनने पर आरोपियों ने दोनों ऋणशुदा ट्रकों की किश्ते जमा कराने के बाद किराया देना तय कर ट्रक ले गए। गत दिनों बैक से बकाया ऋण किश्तों की उगाही करने की सूचना मिली। इस पर आरोपियों से संपर्क किया तो पता चला कि आरोपियों ने किश्ते जमा नहीं करवाई, पडताल की तो आरोपियों द्वारा ट्रकों को खुर्द बुर्द करने की जानकारी सामने आई। संपर्क कर पूछताछ की तो आरोपियों ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला

उदयपुर, (कासं)। अम्बामाता थाना पुलिसे ने विवाहिता की मौत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोहनलाल पुत्र नवलराम डांगी निवासी पुला ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवया। जिसमें उसने बताया कि मेरी पुत्री ज्योति (28)पत्नी मुकेश डांगी निवासी वरडा से 2019 में शादी करवाई थी। पारिवारिक कलह के चलते सामाजिक स्तर पर विवाह विच्छेद होने के बाद एक वर्ष से पुत्री मेरे पास रह रही थी। 8 जून को पुत्री ने दवा पी ली थी। जिसकी दूसरे दिन उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मृग की कार्यवाही की थी। अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुत्री को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज किया गया। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र खटीक कर रहे है।

होटल मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने होटल मैनेजर व अन्य के खिलाफ महिलाओं को अवैध कारोबार करने के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने तोरण बावडी होटल मैनेजर ललित लौहार, साथी दिनेश माली तथा अजय पंड्या निवासी सीकर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवया। जिसमें पीडित ने बताया कि 3 जुलाई रात में गश्त के दौरान सूचना पर नेपाल, दिल्ली, मुंबई एवं कलकत्ता से आई महिलाओं से पडताल की तो सभी ने इवेंट का काम करवाने के बहाने होटल में ठाहकों के साथ अवैध संबंध बनाने की बात कही। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जल जीवन मिशन के बंद पड़े कार्यों को शुरू करें : कलेक्टर

उदयपुर, (कासं)। घर-घर नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाने की जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत जिले में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मिनी सभागार में जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल के अध्यक्षता में हुआ। बैठक के दौरान कलेक्टर पोसवाल ने चालू वित्तीय वर्ष के एफएचटीसी (घरेलू नल कनेक्शन) प्रदान करने के तय लक्ष्य शीघ्र हासिल करने एवं जिले की रैंकिंग सुधारने संबंधित निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर ने जेजेएम कार्यों की भौतिक प्रगति भी जानी तथा

■ **जिला कलेक्टर पोसवाल ने घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने के तय लक्ष्य शीघ्र हासिल करने के दिए निर्देश**

विद्यालय एवं आंगनबाड़ियों में पेयजल की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। प्रगति उन्होंने कहा कि योजना के तहत स्वीकृत हुई विभिन्न परियोजनाओं के रुके हुए एवं बंद पड़े कार्यों को यथाशीघ्र पुन: प्रारंभ करावे एवं उन्हें पूर्ण करावे

उदयपुर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत जिले में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल।

तथा बिना किसी कारण बंद पड़े कार्यो के संबंध में संबंधित संवेदक को नोटिस जारी किए जाएं। पीएच डी अधिशासी अभियंता ललित कुमार नागौरी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में तय लक्ष्य 28 हजार 98 एफएचटीसी कनेक्शन के विरुद्ध 15 हजार 188 एफएचटीसी कनेक्शन प्रदान किये जा चुके हैं। नागौरी ने बताया कि बकाया लक्ष्य शीघ्रता से हासिल करने के लिए विभाग द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं और जिले की रैंकिंग सुधारने के संबंध में भी आवश्यक कार्रवा की जा रही है। बैठक में जिला परिषद के एसीईओ अंजुम ताहिर सम्मा, पीएचईडी एक्सईएन लालसिंह मीणा, एवी वीएनएल एक्सईएन आई.एम.मंसूरी, जिला परिषद एईएन आशीष धाकड़, एएसओ मीना दशोरा समेत पीएचईडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

'साइबर फ्रॉड व अपराधियों को कठोरता से निपटा जाएगा'

डबोक एयरपोर्ट पर गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम और चित्तौड़ सांसद सी पी जोशी का स्वागत किया।

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने कहा कि सरकार आने के बाद अपराध का ग्राफ गिरा है। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है साइबर फ्रॉड एवं अपराधियों को कठोरता से निपटा जाएगा। गृह राज्यमंत्री शुक्रवार को डबोक स्थित महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अपराध मुक्त राजस्थान बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। पेपर लीक गिरोह पर नकेल के लिए स्पेशल टास्क फोर्स गठित की गई है। ऑपरेशन एन्टी वायरस के माध्यम से साइबर अपराधियों पर प्रभावी कार्रवा की जा रही है। पुलिस आधुनिकीकरण के लिए भी कदम उठाए गए हैं। इस अवसर पर डॉ राजवीर सिंह बेढम ने बताया कि इससे पूर्व श्री बेढम एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के डबोक एयरपोर्ट पहुंचने पर विभिन्न समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गुर्जर समाज के द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया। उसके उपरांत बेढम ने निवानिया गांव में देवनारायण भगवान के दर्शन किए। विभिन्न समाज के लोगों से चर्चा की। रास्ते में जगह जगह लोगों ने गृह राज्य मंत्री का स्वागत किया। बेढम ने सांवलिया सेठ के दर्शन करके पूजा अर्चना की एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की। कार्यक्रम में विधायक लादू लाल पितलिया, देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा , माँडल विधायक उदय लाल भडाणा, पूर्व विधायक मानसिंह, डॉ राजवीर सिंह बेढम, देवनारायण धाभा, भूपेंद्र धाभा, कालू गुर्जर, सरपंच किस्मत गुर्जर, शंकर भोपा, अंबालाल गुर्जर सुरेंद्र खटाना इत्यादि उपस्थित रहे।

इस्कॉन मन्दिर से प्रारम्भ होगी रथ यात्रा

उदयपुर, (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन की ओर से आयोजित विशाल रथयात्रा महोत्सव के पूर्व इस्कॉन मन्दिर और रथ यात्रा मार्ग का गगांजल गुलाब जल गौमूत्र आदि से इस्कॉन भक्तो के द्वारा प्रक्षालन कर विधिवत मार्जन किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रबंधक मायापुर वासी ने बताया कि अधिकांश पुजारी उडीसा के ब्रह्मचारी है। जो बारह महीने मन्दिर की प्रतिदिन स्वनिर्मित पोशाक,श्रृंगार बदल कर पधराते है। भोग प्रसाद अपने हाथो से बनाकर भोग लगाते है। उसी क्रम मे कल भगवान पूर्ण स्वस्थ होने पर, जगन्नाथ जी बलभद्र बहन सुभद्रा जी को और उनके रथ का गगांजल से मार्जन कर हाथो से निर्मित सुगंधित फूलमालाओ स्वर्णाभूषण धराकर श्रृंगार कर रथ मे विराजमान करेंगे। माताऐ बहने फूलमालाओ से मन्दिर और रथ को सजाने मे जुटी है। मन्दिर को फूलमालाओ व रंगबिरंगी लाईटो से जगमगाया है। रथ यात्रा मे सबसे आगे सजे हुए हाथी, घोडे ऊंट जीवन्त झांकिया चलेगें।

रथ के ऊपर सीमित ब्रह्मचारी वैष्णव ही रहेंगे। इस्कॉन भक्त पारम्परिक वेश-भूषा मे सिर पर कलशधारण कर साथ-साथ चलेगी वैष्णव भक्त प्रसाद वितरण आदि विभिन्न सेवाकार्य करेंगे। मायापुर वासी ने बताया कि रथ यात्रा का प्रमुख आकर्षण वृन्दावन का कीर्तन दल होगा जो आ गये है।

सार-समाचार

वर्कशॉप का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के मनोचिकित्सा विभाग की ओर से अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिव डिसोडर (एडीएचडी) विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया।वर्कशॉप का उद्घाटन पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल, प्रिसिंपल एवं डीन डॉ.एम.एम. मंगल, मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एस.जी मेहता ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया। वर्कशॉप में एडीएचडी क्या है, इसके लक्षण, कारण एवं उपचार के साथ इस बीमारी में क्या ध्यान रखना चाहिए आदि के बारे में विस्तार से बताया। मनोचिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.एस.जी मेहता ने इस बीमारी से पिडित बच्चों के उपचार में दवाई और साइकोथैरेपी की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही बताया कि अगर बच्चें एवं उनके परिवार की काउंसिलिंग की जाए तो इस बीमारी के इलाज में काफी हद तक मदद मिलेगी। डॉ.मेहता ने बताया कि अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिव डिसोडर (एडीएचडी) बीमारी के इलाज में शिशू रोग एवं मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस दौरान एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एडीएचडी बीमारी की गंभीरता को मनोचिक्तिसक एवं मनोविज्ञान रेसिडेन्टस के द्वारा मंच पर बखूबी दर्शाया गया। वर्कशॉप में पीएमसीएच के सभी विभागों के विभागाध्यक्षों सहित प्रोफेसर,ऐसोसियेट प्रोफेसर,असिस्टेट प्रोफेसर एवं पीजी रेजिडेन्ट उपस्थित रहे।

जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवर व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जमनालाल पुत्र लक्ष्मीलाल सालवी ननिवासी ओड फला खेरादीवाड़ा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 8 जून को परिजन मकान पर ताला लगा कर बाहर गए थे। 15 जून केा लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ था एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी ली तो सोने का टड्डा, बजण्टी, कंठी, चांदी के पायल, एक हजार रूपये नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवया। जिसकी जांच एएसआई प्रकाशचन्द्र कर रहे है।

उधार की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। उधार की नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार पीडित पिंकी प्रजापत पुत्र रोशनलाल प्रजापत निवासी शांतिनगर लालमगरी हिरणमगरी सेक्टर 7 ने आरोपी गणेशलाल मेघवाल पुत्र शंकरलाल मेघवाल निवासी शांतिनगर लालमगरी हिरणमगरी सेक्टर 7 के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी ने आवश्यकता होने पर मुझसे 3 लाख रूपये उधार लिए और बदले में चैक दिया। निर्धारित समय पर रूपये नहीं देने पर मांग की तो आनाकानी करना शुरू कर दिया। गत दिनों संपर्क किया तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर चैक बैंक में प्रस्तुत किया तो अनादरित हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच हेडकांस्टेबल राजेशपाल को सौंपी है।

करंट से किशोर की मौत

उदयपुर, (कासं)। बकरियों को बचाने के दौरान करंट लगने से झुलसे किशोर की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोगुन्दा कस्बे के रावलिया कला बुझ गांव निवासी नाथू गमेती (15) पुत्र देवा गमेती की करंट से झुलसने पर मौत हो गई। नाथू गमेती गत दिनों खेत पर बकरिया लेकर चराने के लिए गया था। जहां विद्युत खंभे के समीप से बकरियों का हटा रहा था। इसी दौरान विद्युत तार छू जाने पर करंट लगने से वह झुलस गया। इसको देख परिजन गोगुन्दा चिकित्सालय ले गए।जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल मोहनसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

सड़क हादसे में महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना क्षैत्र में महिला की हादसे में मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलों का बेदला हॉल सविना थाना क्षैत्र नेला तालाब के समीप रहने वाली वाली गोपीबाई पत्नी नारूजी गमेती की हादसे मे मौत हो गई। गोपीबाई अकेली रहती थी एवं शराब पीने की आदी थी। गुरूवार को नशे में गिरने पर सिर में चोट लगने से अचेत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतका का पोस्टमार्टम करवा पुत्र तुलसीराम शव सौंप दिया।

उदयपुर में जनवरी से अब तक 218 नमूनों की जांच

उदयपुर, (कासं)। हर व्यक्ति को शुद्ध आहार उपलब्ध कराने और मिलावटखोरों पर कड़ी नकेल कसने के संकल्प को लेकर राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ किया गया शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान कारगर सिद्ध हो रहा है। उदयपुर सहित प्रदेश भर में अभियान के तहत हजारों खाद्य वस्तुओं के नमूनों की जांच की गई तथा अमानक पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों और मिलावट खोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके परिणाम स्वरूप आमजन को खाद्य वस्तुओं में मिलावटखोरी से निजात मिलने लगी है।

शुद्ध आहार पर सभी का अधिकार है। खाद्य सामग्री में मिलावट करना समूची मानवता के विरूद्ध अपराध है। हाल ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी खाद्य सामग्री में मिलावट पर चिन्ता व्यक्त करते हुए सरकार से सख्त कदम उठाने की अपील की है। दूसरी ओर राजस्थान सरकार इस दिशा में पहले ही गंभीर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की कमान संभालते ही मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने और आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध कराने का संकल्प व्यक्त किया। उसी संकल्प को शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के रूप में मूर्त रूप दिया जा रहा है। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्रवाईयां हो रही हैं। उदयपुर जिले में भी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अभियान को पूरी गंभीरता से लेते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। जिले में 1 जनवरी से 30 जून 2024 तक खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 288 खाद्य सामग्री उत्पाद, प्रसंस्करण और विक्रय स्थलों यथा

■ **मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू हुआ शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान,11.40 लाख का वसूला जुर्माना**

किराणा दुकानों, होटल-रेस्टोरेंट्स, डेयरी आदि का सघन निरीक्षण किया। टीम ने खाद्य सामग्रियों के अब तक 218 नमूने लिए हैं। इनमें से 39 नमूने सब स्टैण्डर्ड और 2 नमूने अनसेफ पाए गए। विभाग ने अब तक 28 मामलों में संबंधितों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण दाखिल किए, जिनमें से 17 का निस्तारण करते हुए 11.40 लाख रूपए जुर्माना भी लगाया गया है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें सतत निरीक्षण कर रही हैं। इससे मिलावटखोरों में हड़कम्प सी मची हुई हैं।

वहीं खाद्य सामग्री विक्रेता भी मानक सामग्री विक्रय को लेकर अधिक सावचेत हुए हैं। परिणामस्वरूप आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध हो रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर बामणिया तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक गुप्ता ने बताया कि उदयपुर जिले में लक्ष्य से अधिक निरीक्षण एवं सेम्पल कलेक्शन किया जा रहा है। जिले में जनवरी से जून माह तक 180 सेम्पल कनेक्शन का लक्ष्य रहा, इसके विपरित 218 नमूने लिए गए हैं। अभियान लगातार जारी रहेगा। खाद्य सुरक्षा टीमें सतत निरीक्षण करते हुए नमूने लेंगी और मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आवेदन की अवधि बढ़ाई

उदयपुर, (कासं)। राजकीय महाविद्यालय, बड़गांव में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी है। प्राचार्य प्रोफेसर अंजना गौतम ने बताया कि वर्तमान में इस महाविद्यालय को छात्र-छात्राओं के लिए 200 सीटें आवंटित है।

समीर की भूख हड़ताल खत्म

उदयपुर, (कासं)। मोहनलाल सुखाडिया विवि के प्रशासनिक भवन के बाहर छात्र नेता समीर मेघवाल के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर जो भूख हडताल जारी थी। शुक्रवार को प्रशासन के द्वारा सभी मांगों को मानकर भूख हडताल समाप्त हो गई। छात्र नेता समीर मेघवाल निम्न मांगों के लिए भूख हडताल पर बैठे थे, जिसमें कला महाविद्यालय की पुस्तकालय का समय छात्रों के पढने के लिए बढाया जाए जो 10 से 5 से बढकर 8 से 6 तक कर दिया गया। महाविद्यालय के सभी विभागों में नई शिक्षा नीति के आधार पर आदेश जारी करके नई पुस्तकों की व्यवस्था जल्द ही पूर्ण कर दी जाएगी। सभी विद्यार्थियों की फीस को कम करने से संबंधित निर्णय विवि प्रशासन को पत्र लिखकर कम करने का आश्वासन दिया। छात्र नेता समीर मेघवाल ने प्रशासन को धन्यवाद अर्पित करते हुए सभी साथियों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

गीतांजली में नाईजीरियन रोगी का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन

उदयपुर,(कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में जन्मजात मोतियाबिंद की बीमारी से जूझ रहे रोगी का गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग ने अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक का उपयोग करते हुए सफल ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण कर स्वस्थ जीवन प्रदान किया। यहां चिकित्सा क्षेत्र में सभी उन्नत तकनीकों को अपनाकर कुशल टीम में विभागाध्यक्ष डॉ. लीपा मोहंती, डॉ अर्पित शर्मा एवं रेसिडेंट्स डॉ कौशंबी, डॉ गोविन्द, डॉ आकांशा

■ **रोगी की बाई आंख की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी, रोगी को जन्म से ही मोतियाबिंद था**

व ओ.टी टीम, नर्स ने रोगी का सफलतापूर्वक इलाज किया।

रोगी अब्दुल अजीज (28) उदयपुर में फॉरेन नेशनल की तरह उदयपुर में पढ रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अफ्रीका नाईजीरिया से हैं। उनकी बाईं आँख में जन्म से ही कम दिखाई

गीतांजली में मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन करने वाली मेडिकल टीम व नाईजीरियन रोगी।

देने की शिकायत थी और उम्र से साथ साथ ये शिकायत बढ रही था। डॉ लीपा ने बताया की हाल ही में इस तरह का केस उनके पास आया, उस समय पता चला की रोगी की बाईं आँख की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी । रोगी को जन्म से ही मोतियाबिंद था, रोगी की सभी खून व आँख की आवश्यक जांचें की गयी तत्पश्चात रोगी की बाईं आँख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन और साथ ही लेंस प्रत्यारोपण किया।

यह केस बहुत दुर्लभ व चुनौतीपूर्ण था। रोगी की सफल सर्जरी हुई तथा ऑपरेशन के अगले ही दिन रोगी की आँख की रोशनी वापिस आ गयी। रोगी ने बताया की वह अपने ऑपरेशन से बहुत खुश हैं, डॉक्टर्स और स्टाफ ने उनका बहुत ध्यान रखा, रोगी ने गीतांजली हॉस्पिटल को दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि वह अपनी आँख की रोशनी पाकर संतुष्ट है।

प्रसार शिक्षा निदेशालय
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
सूरजपोल बाहर, उदयपुर 313001, दूरभाष 0294-2417697
क्र.प्र.शि.नि./भण्डार/2024-25/720 दिनांक 05.07.2024

निविदा सूचना

प्रसार शिक्षा निदेशालय निम्न सीलबन्द निविदा आमन्त्रित करता है:-

क्र. सं.	विवरण	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1.	किसानघर की भोजन शाला में भोजन व्यवस्था हेतु UBN -ATU2425SSOB00071	10000/-	500/-
2.	विश्वविद्यालय अतिथिगृह की भोजन शाला में भोजन व्यवस्था हेतु UBN -ATU2425SSOB00072	10000/-	500/-
3.	किसानघर, अतिथिगृह, कृषि सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, कार्यालय भवन एवं परिसर में सफाई कार्य हेतु UBN -ATU2425SSOB00070	8000/-	500/-

निविदा प्रपत्र, कार्यालय से कार्य दिवस पर कार्यालय समय में नकद/ड्राफ्ट जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है जिसका शुल्क निविदा जमा कराते समय कार्यालय में जमा कराना होगा। निविदाएं दिनांक 19.07.2024 को दोपहर 12.30 बजे तक प्राप्त की जायेगी एवं निविदाएँ उसी दिन दोपहर 02.30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाताओं को धरोहर राशि भी जमा करानी होगी। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय में कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

निदेशक प्रसार शिक्षा

श्रद्धांजलि



24.10.1918 - 06.07.2000

24वीं पुण्यतिथि

श्रद्धेय स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 24वीं पुण्यतिथि 06 .07 .2024 पर सभी परिवारजन की ओर से

शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धांजलि

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत, जोधपुर) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), वीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मोबाइल : 9829264308, 9829360428, 9462694531